**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 30.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **चुनाव आयोग ने देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को पद से हटाने का दिया आदेश।**
2. **झारखंड में 20 नवंबर को 38 सीटों पर होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए आज नामांकन पत्रों की हो रही है जांच, पहले चरण के लिए नाम वापसी की आज आखिरी तारीख।**
3. **भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार नवंबर को झारखंड में करेंगें चुनावी अभियान की शुरुआत, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह तीन नवंबर को कई सभाओं को करेंगे संबोधित।**
4. **रांची के एक निजी स्कूल में भारी मात्रा में कैश होने की सूचना पर पुलिस ने की छापेमारी, मंगायी गयी नोट गिनने वाली मशीन।**
5. **मौसम विभाग ने रांची, कोडरमा, गिरिडीह समेत राज्य के 13 जिलों में कल बारिश का जताया पूर्वानुमान, छठ में बढ़ेगी ठंड।**

********************

निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को देवघर के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को हटाने का आदेश दिया है। आयोग ने सरकार को पत्र लिखकर देवघर एसपी के पद पर तैनात करने के लिए तीन आईपीएस अधिकारियों के नाम का पैनल मांगा है। इससे पहले लोगसभा चुनाव 2024 के दौरान भी श्री डुंगडुंग को देवघर से चुनाव कार्य से हटाया था। उनपर एक दल विशेष के पक्ष में काम करने के आरोप में यह कार्रवाई की गयी थी।

********************

झारखंड में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। इस चरण के लिए 6 सौ चौंतीस उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल किये हैं। अगले महीने की बीस तारीख को दूसरे चरण में 38 सीटों के लिए वोट पडेंगे।

********************

13 नवंबर को 43 निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए नामांकन वापस लेने की आज आखिरी तारीख है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि नाम वापसी के बाद स्पष्ट हो जायेगा कि किस विधानसभा सीट से कितने उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

**साउंड बाइट – नामांकन, के. रवि कुमार – 26 सेकेंड**

श्री कुमार ने यह भी बताया कि आचार संहिता लागू होने से के बाद से अब तक राज्य के विभिन्न हिस्सों से तलाशी अभियान के दौरान 103 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गई है।

********************

विधानसभा चुनाव को लेकर पूरे राज्य में जांच अभियान तेज कर दिया गया है। इस कड़ी में आज रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल में भारी मात्रा में कैश होने की सूचना पर पुलिस स्कूल परिसर में छापेमारी कर रही है। हालांकि अब तक स्कूल से कितनी राशि बरामद हुई है, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन सूत्रों के मुताबिक नोट गिनने के मशीन मंगाई गयी है।

********************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार नवंबर को झारखंड में चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। पार्टी के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने पत्रकारों को बताया कि श्री मोदी चार नवंबर को गढ़वा और चाईबासा में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि श्री मोदी से पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन नवंबर को झारखंड में तीन सभाओं को संबोधित करेंगे।

********************

इधर, झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। सूची में शामिल 40 स्टार प्रचारकों में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी प्रमुख रुप से शामिल हैं।

********************

विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो और भाजपा के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। रांची में चुनाव मीडिया सेंटर का उदघाटन करने के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा।

********************

इधर, भाजपा प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने भी भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था के सवाल पर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने इस सरकार को सत्ता से बेदखल करने का मन बना लिया है।

********************

उधर, झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरोप लगाया है कि राज्य में सत्ता हासिल करने के लिए भाजपा केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

********************

एनडीए के प्रमुख घटक आजसू पार्टी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि इस बार राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी।

********************

विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में गिरिडीह जिले में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने लोगों को दीपावली और छठ की शुभकामनाएं देते हुए लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने की अपील की।

********************

सरायकेला जिले में चुनाव आयोग का सी–विजिल और वोटर हेल्पलाइन एप काफी कारगर साबित हो रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

********************

मौसम विभाग ने रांची, कोडरमा और गिरिडीह समेत राज्य के 13 जिलों में कल बारिश का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि पलामू, गढ़वा और लातेहार समेत कुछ जिलों को छोड़कर अन्य हिस्सों में दीपावली के दिन हल्की बारिश हो सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि छठ से ठंड बढ जायेगी।

*******समाप्त*******